भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4286

उत्तर देने की तारीख 22.03.2021

इंजीनियरिंग कॉलेजों का निर्माण

†4286. श्री होरेन सिंह बे:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(一) पश्चिमी कार्बी आंगलांग के चाकसो में इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण और दीफू परिसर में असम विश्वविद्यालय को सभी सुविधाओं से युक्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन की स्थिति क्या है;

(二) क्या सरकार ने भारत सरकार, असम सरकार और यूपीडीएस के बीच हस्ताक्षरित समाधान ज्ञापन (एमओएस) के अंतर्गत क्रमश: खण्ड सं. 5.1 और 5.4 के अंतर्गत पश्चिमी कार्बी आंगलोंग के चाकसो में इंजीनियरिंग कॉलेज और असम विश्वविद्यालय के सभी सुविधाओं से युक्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन के लिए कोई विशेष समय-सीमा तय की गई है;

(三) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(四) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): रिकॉर्ड के अनुसार, असम सरकार ने कार्बी आंगलांग, दीफू में इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित करने का निर्णय लिया है और कार्बी आंगलांग, दीफू में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि पहले ही आवंटित की जा चुकी है।

इसके अलावा, 11 वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया कि सरकार को प्रत्येक उस राज्य में एक केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की आवश्यकता थी जहां केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं था। असम में पहले से ही दो केंद्रीय विश्वविद्यालय नामत: तेजपुर विश्वविद्यालय और असम विश्वविद्यालय (और करबी आंगलांग में दीफू में एक उपग्रह परिसर) हैं।

*****